मेरी बिगड़ी बनाने वाला एक तू है

मेरी बिगड़ी बनाने वाला मेरी किस्मत जगाने वाला,
एक तू है एक तू है एक तू ही तो है ओं श्याम....

तेरे सिवा श्याम मै तो किसी को ना जानू,
दिन और रात मै तो गुण तेरे गाऊ,
मुझे अपना समझने वाला मुझे गले से लगाने वाला,
एक तू है एक तू है एक तू ही तो है ओं श्याम.....

तेरी दया से मेरा चलता गुजारा,
जब भी दुखो ने घेरा तुमको पुकारा,
मेरे दुखड़े मिटाने वाला आनंद बरसाने वाला,
एक तू है एक तू है एक तू ही तो है ओं श्याम......

अब तक निभाया है तो आगे भी निभाना,
बिच मझधार में तू छोड़ मत जाना,
मेरी नैया चलाने वाला रामा का तू ही रखवाला,
एक तू है एक तू है एक तू ही तो है ओं श्याम......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32098/title/meri-bigdi-bnane-wala-ek-tu-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |